# डॉ. रोहित दत्त ने जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य का कार्यभार संभाला



अगमार्ग न्यूज

अंबाला। शुक्रवार को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के डॉ. रोहित दत्त ने अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य का कार्यभार संभाला लिया है। कॉलेज के प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, उपप्रधान केजेएस भलाया, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, जीएमएन कॉलेज ट्रस्ट एवं सोसायटी के प्रधान जसवंत राय जैन, प्रबंधक समिति के सदस्य ब्रिगेडियर डॉ. राहुल ग्रेहन, सचिव देव सरुप माथुर और सभी स्टाफ सदस्यों ने बडे भव्य तरीके से फूलों के गुलदस्ते देकर नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त का अभिवादन किया। डॉ. रोहित दत्त की दूरदर्शिता महाविद्यालय में एक नए मुकाम को हासिल करने में अहम रोल अदा करेगी तथा साथ ही यही उद्देश्य रहेगा कि विद्यार्थी महाविद्यालय से पढ़ाई पूरी करके जाए तो साथ ही उसके पास रोजगार हो। शिक्षण के अलावा डा. रोहित दत्त का शोध के क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव है, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाषित हो चुके है तथा इनकी संबधता देश विदेश की विभिन्न कंपनियों तथा संस्थाओं से रही है, जिसका लाभ महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज, अंबाला छावनी एक महान विरासत है और वह इस संस्था में अपने अनुभव व दूरदर्शिता से इस महाविद्यालय को एनईपी-2020 के मद्देनजर एक नए माहौल को स्थापित करने के प्रयास करेंगे।